दिनांक : 16.02.2026

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी' का उद्घाटन करेंगे।
- विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू; 18 फरवरी को पेश होगा प्रदेश का डिजिटल बजट।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज भोपाल में प्रदेश के पहले अत्याधुनिक 'साइबर रजिस्ट्री कार्यालय' का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेशभर में उल्लास के साथ मनाया गयी महाशिवरात्रि, महाकाल मंदिर में साढ़े पांच लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन।

इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। पांच दिन की इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ किया जा रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के मंडप होंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने और भविष्य की कार्रवाइयों पर चर्चा के लिए 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में मध्यप्रदेश अपना विशेष पैवेलियन पेश कर रहा है। आज दिन भर यहाँ राज्य के चार प्रमुख विभागोंकृस्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास और पर्यटनकृद्वारा विकसित किए गए एआई (।प्) समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा।विशेष रूप से 'सुमन सखी' एआई एजेंट और 'गरुड़ लैब' जैसे नवाचार आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

साक्षात्कार-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले दशक के लिए तीन प्राथमिकताएं अधिक संरचनात्मक सुधार, नवाचार को प्रोत्साहन देना और सरल शासन व्यवस्था का उल्लेख किया है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कल श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की "सुधार एक्सप्रेस" से आम नागरिकों को व्यापक लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का केंद्रीय बजट भारत की विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट कोई मजबूरी में लिया गया 'अभी या कभी नहीं' का क्षण नहीं बल्कि तैयारी और प्रेरणा से प्रेरित 'हम तैयार हैं' का क्षण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के लिए और अधिक हासिल करने और देश को आगे ले जाने की प्रबल इच्छा सदैव बनी रहती है।

विधानसभा बजट सत्र

16वीं विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ सत्र का आगाज होगा, जो 6 मार्च तक चलेगा। 18 फरवरी को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा प्रदेश का पहला डिजिटल बजट पेश करेंगे। इस बजट में सिंहस्थ 2028 और कृषि कल्याण पर विशेष जोर रहने की उम्मीद है। दूसरी ओर, विपक्ष ने इंदौर जल कांड और कर्ज जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए आठ स्थगन प्रस्ताव भेजे हैं, जिससे सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कल तैयारियों का जायजा लेते हुए बताया कि सदन को अब तक साढ़े तीन हजार से अधिक प्रश्न प्राप्त हुए हैं।

'साइबर पंजीयन कार्यालय'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में प्रदेश के पहले अत्याधुनिक 'साइबर पंजीयन कार्यालय' का लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति में शुरू होने वाली यह नई व्यवस्था अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पर आधारित है, जिससे न केवल रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल होगी बल्कि डेटा भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। अब नागरिक बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के, सुरक्षित और तीव्र गति से अपना पंजीयन कार्य पूर्ण करा सकेंगे।

विक्रमोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ करते हुए एक बड़ी घोषणा की है। सम्राट विक्रमादित्य के सम्मान में अब एक करोड़ एक लाख रुपये का 'अंतर्राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान' दिया जाएगा, जो देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रमोत्सव अब केवल उज्जैन का नहीं बल्कि वैश्विक पहचान का उत्सव बन चुका है। उद्घाटन समारोह में प्रीतम एंड बैंड की 'नमो नमो शंकरा' जैसी सुमधुर प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। डॉ. यादव ने इस अवसर पर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का खाका खींचते हुए प्रदेशवासियों को मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

विक्रम व्यापार मेला

उज्जैन में आस्था के साथ अब व्यापार की भी धूम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल 'विक्रम व्यापार मेला-2026' का शुभारंभ भी किया। बीते बुधवार को शुरू हुए वन मेले को लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि उज्जैन में अब हर वर्ष 'वन मेले' का भी आयोजन होगा। व्यापार मेले के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे नगरीय निकायों की आय बढ़ी है और ऑटोमोबाइल सेक्टर में ग्राहकों को भारी छूट का लाभ मिल रहा है। पिछले दो वर्षों में हजारों वाहनों की बिक्री के साथ करोड़ों रुपये की राजस्व वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नए वाहन खरीदारों को प्रतीकात्मक चाबियां भी सौंपी।

अच्छी खबर-ग्वालियर

ग्वालियर की खेल प्रतिभायें प्रदेश और देश स्तर पर अपनी पहचान बनाकर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। इसी कड़ी में टेनिस की उभरती हुई खिलाड़ी शांभवी सिंह ने 10 साल की उम्र में अपनी शानदार खेल प्रतिभा के माध्यम से खेलो एमपी यूथ गेम्स में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

वीओ 1- शांभवी ने खेलो एमपी यूथ गेम्स में अंडर 19 वर्ग में सबसे कम उम्र की 10 वर्षीय खिलाड़ी होने का गौरव भी प्राप्त किया है। शांभवी ने टेनिस खेल में तेज फुटवर्क, बेहतरीन मूमेंट और सटीक फोर हैंड शॉर्ट के माध्यम से एमपी यूथ गेम्स में अपना स्थान भी पक्का किया। इतनी कम उम्र में टेनिस खेल में शानदार उपलब्धि हासिल कर शांभवी ने न केवल ग्वालियर का नाम रोशन किया बल्कि भविष्य में प्रदेश व देश का नाम भी रोशन करेंगीं। शांभवी का लक्ष्य भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना है।

वीओ 2- टेनिस खिलाड़ी शांभवी के कोच जीवाजी टेनिस अकेडमी श्री शैंकी पाठक ने बताया कि शांभवी टेनिस की एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने मेहनत,फिटनेस और अपनी खेल प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। खेल के प्रति उनका समर्पण देखकर लगता है कि वे राज्य और देश का नाम रोशन करेंगीं।

वीओ 3- वाकई में इतनी कम उम्र में अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का जो कार्य - शांभवी ने किया है वह तारीफ-ए-काबिल है। आकाशवाणी समाचार के लिए ग्वालियर से नवीन श्रीवास्तव।

महाशिवरात्रि

प्रदेश में महाशिवरात्रि का पर्व कल उत्साह के साथ मनाया गया। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में रात 10 बजे तक रिकॉर्ड साढ़े पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर के पट लगातार 44 घंटों के लिए खुले रहे, जिससे भक्तों को औसतन मात्र 40 मिनट में सुलभ दर्शन प्राप्त हुए। रायसेन के भोजपुर में भी आस्था का संगम दिखा, जहाँ करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने भगवान भोजेश्वर का जलाभिषेक किया; यहाँ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं, शाजापुर के अकोदिया में 'भूतों की बारात' ने सबका मन मोह लिया, जहाँ श्रद्धालु अनोखे वेश में झूमते नज़र आए। मंदसौर के पशुपतिनाथ लोक और छतरपुर के जटाशंकर धाम में भी कल देर रात तक उत्सव का माहौल रहा।

टी20 क्रिकेट

आईसीसी टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कोलंबो में कल पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 77 और सूर्यकुमार यादव ने 32 रन बनाए। 176 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। प्रतियोगिता में आज तीन मैच खेले जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस जीत के लिए देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम के धुरंधर खिलाड़ियों की गौरवशाली जीत के लिए भारतीय टीम बधाई की पात्र है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नीमच में आम जनता को सेहत के प्रति जागरूक करने के लिए 'फूड फेस्टिवल' का आयोजन किया गया।
- शहडोल के बरखेड़ा गांव में कोयला उत्खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।
- शिवपुरी जिला प्रशासन ने खेतों में नरवाई जलाने पर पूरी तरह रोक लगा दी है, उल्लंघन करने वाले किसानों पर 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।
- मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' कार्यक्रम के तहत दमोह के सैरा नृत्य और सागर की मीना गौड़ के लमटेरा गायन हुआ। साथ ही बुन्देली लोकगायन और गोंड करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।
- रायसेन के ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय 'महादेव' महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ।
- यंग इंडियंस भोपाल चैप्टर द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों में 'थलिर वीक' के अंतर्गत जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।
- पन्ना ज़िले में गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शनिवार को कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन में 40 लाख रूपए लागत के सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण भी होगा।

-------